जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

18 अक्टूबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के मनोविज्ञान विभाग ने सतर्कता सप्ताह बहुत ही उत्साह के साथ मनाया

जामिया के मनोविज्ञान विभाग ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के सहयोग से सतर्कता सप्ताह का समापन समारोह मनाया। समारोह का उद्देश्य छात्रों में उनके दैनिक जीवन में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के मूल्यों को प्रतिस्थापित करना था। इस समरोह के अंतर्गत छात्रों के लिए स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता जैसी कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं जिनमें विश्वविद्यालय से बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रतिभागिता की ।

समापन समारोह में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के उच्च अधिकारियों जिनमें श्री आर सी दास मुख्य महाप्रबंधक, सतर्कता विभाग सहित सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन, प्रो मुस्लिम खान और विभागाध्यक्ष, प्रो शीमा अलीम ने दैनिक जीवन में सत्यनिष्ठा के महत्व पर बल दिया और छात्रों से राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति विकसित करने का आह्वान किया। श्री आर सी दास ने विभाग के संकाय सदस्यों और छात्रों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक-सतर्कता श्री राजीव कक्कड़ का संदेश भी पढ़ा जिसमें उन्होंने विभाग को इन कार्यक्रमों की मेजबानी के लिए बधाई दी और छात्रों की भागीदारी की सराहना की। विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अभिषेक शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक- मानव संसाधन, विक्रांत के सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक- सतर्कता और श्री संजीव कुमार, डीजीएम, मानव संसाधन जैसे गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुरस्कार दिए गए ।

डॉ मीना ओस्मानी, एसोसिएट प्रोफेसर और सलाहकार, सबजेक्ट एसोशिएशन ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया